

**एक नजर में**

## हायर सेकेण्डरी बिल्लौद में गुरु पूर्णिमा उत्सव मना व वृक्षारोपण हुआ



बिल्लोद/नाहरगढ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिल्लौद में शासन के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। आयोजन मे भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथी दशरथ भाई, फकीरचंद धनगर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मल्हारगढ़ ,बूढ़ा मंडल महामंत्री सुनील शर्मा, विकास जैन, केसरीमल पाटीदार, उप सरपंच महेश नाथ ग्राम पंचायत बिल्लौद एवं जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज मैडम,‚छक्क व त्रस्न्न लोकेंद्र डाबी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी . एल . चौहान, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मल्हारगढ़ शिशिर विजयवर्गीय, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सीतामऊ भगवती लाल शर्मा, संकुल प्राचार्य के .सी . डोडिया,‚छक्क श्याम धनगर एवं अनेक की उपस्थिति में संपन्न हआ। इस आयोजन में सूचना केंद्र बिल्लौद के समस्त संस्था प्रधान, शा .उ .मा . वि . बिल्लौद एवं शा .मा . वि .बिल्लौद के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। सभी अतिथियों के द्वारा सेवा निवृत शिक्षकों का सम्मान किया गया एवं शा . उ .मा .वि बिल्लौद परिसर मे वृक्षारोपण भी किया गया। आयोजन का सफल संचालन लक्ष्मी नारायण पाटीदार ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार राठौर माना।

## गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ नगर व अंचल मे मना



नाहरगढ। गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन नगर व अंचल मे अनेक जगह-जगह पर हुआ। प्राचीन तपोभूमि शिवना नदी तट पर स्थित स्थान भीमगढ महादेव के नाम से प्रसिद्व है। यहा पर श्री श्री 1008 योगी शिवनाथ महाराज की तपोभूमि स्थान है इस स्थान पर अनेक संत आये है परंतु श्री श्री 1008 योगी वासकनाथ के समय से भव्य गुरु पुजन व पुजा-पाठ आयोजन की शुरुआत हुई जो निरंतर सभी के जन सहयोग तथा श्री श्री 108 योगी द्वारकानाथ की उपस्थिती मे गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया सभी भक्तो के लिए खिर पुडी दाल का भोजन व प्रसादी ली जिसमे नगर व अंचल के भक्तजन बड़ी तादाद मे उपस्थित हुए। दिन भर भजन-कीर्तन व रात्री मे जागरण का आयोजन होता है । ऐसा आयोजन दुधेशवर महादेव मंदिर मगरा नई आबादी नाहरगढ प्रसादी व बाबा रामदेव मंदिर मगरा कचनारा पर यज्ञाचार्य एवं भागवताचार्य पण्डित सुनिल शर्मा नाहरगढ वाले ने भोजन के साथ नुक्थी की प्रसादी का सभी को वितरण हुआ। भक्तो का गुरू के लिए गुरु पुजन व पुजा-पाठ का आयोजन गुरु पूर्णिमा को आयोजित हुआ।





# नीमच मंडी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर औषधि मंडी की पहचान बनी

– चैनसिंह सोलंकी

**नीमच. मंडी सचिव उमेश शर्मा बसेडिया व उनकी पूरी टीम के कुशल नेतृत्व में नीमच मंडी की अंतरराष्ट्रीयस्तर पर औषधि मंडी के रूप में पहचान मिलि जिंसो में भरपूर आवक मंडी टेक्स में सबसे ज़्यदा राजस्व देने वाली मंडी में दर्ज ।**

नीमच. नीमच मंडी पुरे देश की सबसे अग्रणी मंडी हे यहां पर सभी तरह की जिंसो का क्रय विक्रय होता हे मसाला ओशोधी तिलहन दल्हन किराना सभी तरह की जिंसो की हर समय भरपूर आवक बनी रहती हे यहां पर भारत के हर प्रान्त राजस्थान देहली हरियाणा हिमाचल गुजरात पंजाब तमिलनाडु केरल आंध्रप्रदेश से लहसन जीरा काली मिर्च आवला प्याज़ असगंध तुलसी बीज चिरायता नीम पति फुहाड़िया बीज अकरकरा पोस्ता दाना अजवाइन व अन्य बहुत सारी जींस का क्रय विक्रय होता हे मंडी का राजस्व 2023 से पहले 27 करोड़ के लगभग था जो अभी बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो गया हे पहले जिंसो की आवक 43 लाख बोरी थी जो अभी बढ़कर 63 लाख बोरी से ज़्यदा हो गयी हे नई मंडी के चंगेरा में शिफ्ट होने से अक्सर स्टेशन रोड पर जाम लगने से स्टेशन जाने वाले यात्रियों व रहवासियों को काफ़ी राहत मिल गयी हे किसान प्रतिभूति राशि इस वित्तीय वर्ष में 6.39 करोड़ किसानो को दी हे नई मंडी चंगेरा में इ उपार्जन के माध्यम से गेहूं सोयाबीन प्याज़ जो मक्का लहसन उपज की खुली नीलामी होती हे जिसमे स्पॉट पर भरपाई होती हे व्यापारी के खुद के हमाल मौक़े पर उपज को तोल कर लोडिंग कर देते हे पिछले 40 साल से लाल गुलाब गेंग के आतंक भय के कारण व्यापारी किसान का माल गोदाम पर पहुंचने के बाद ही भरपाई भुगतान करते थे किसानो से किसी भी तरह से कोउ भी अवैध वसूली नही की जाती हे उपज तोलने वाले हम्मल व्यापरी के होने के कारण किसी भी तरह की घटना दुर्गटना की जिमेदरी व्यापारी की होती हे नई मंडी में अभी भारतीय स्टेट बैंक की ब्रांच खुल गयी हे कुछ महीने बाद द्धस्त्रद्धष्ग्रामीण बैंक की ब्रांच भी खुलने वाली हे किसानो की सुविधा हेतु अनपूर्णा भोजनालय सुलभ शौचालय पिने के पानी हेतु 15 वाटर कूलर जीरनमंडी पुरानी व नई मंडी में विश्रामगृह हे जहाँ पर किसानो को पूरी सुविधा मिलती हे इ गोम के माध्यम से इंटर स्टेट ट्रेडिंग ऑनलाइन सम्पादित की जा रही हे जिसमे राजस्थान की निम्बाहेड़ा मंडी प्रमुख हे फ्रॉम गेट सौदा पत्रक के माध्यम से किसानो का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा हे किसानों को घर से माल बेचने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा हे सचिव महोदय के अथक प्रयास से नीमच मंडी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर औषधि फसलों के विपणन के लिए जानी जारही हे मसालो का क्षेत्रीय कार्यालय भी खोला जाना प्रस्तावित हे नीमच मंडी पुरे प्रदेश में विगत दो वर्षो से राजस्व में आय देने में तृतीय स्थान पर संभाग में दूसरे स्थान पर रही हे किसानो की तौल सुविधा हेतु 80 टन का तौल कांटा लगा रखा हे यहां पर प्रतिदिन व्यापारी से किसानो को उपज के तौल के तुरत बाद उपज का पैसा मिल जाता हे जबकि यह व्यवस्था प्रदेश की अन्य मंडियो में नही हे नई मंडी में दुकानों के आवंटन में मंडी समिति को उम्मीद से ज्यादा 65 करोड़ से ज़्यदा राजस्व मिला हे जीरन मंडी प्रभारी अनिल सिंह ने बताया की जीरन उपमंडी में इ अनुग्या के माध्यम से व्यापारी के दुवारा 99ल्अनुग्या जारी की जाती हे जीरन उपमंडी प्रदेश में राजस्व देने में सबसे टॉप रही हे यहां पर लहसन गेहूं जौ मक्का सोयबीन प्याज़ उड़द मुंग की सदैब अच्छी आवक बनी रहती हे मंडी में सदैव मंडी कर्मचारी की चौकसी से उपज की चोरी की कोई सम्भावना नही होती हे व व्यापारी बंधु से सामंजस से उपज के भाव अच्छे मिलने से हमेशा आवक बनी रहती हे व्यापारी के गोदाम दुकान मंडी परिसर में होने से किसानो को उपज का भुगतान तुरत हो जाता हे यहां पर फिलहाल चार शेड बने हुआ हे दो शेड निर्माणधीन हे जीरन मंडी में अन्नपूर्णा भोजनालय वाटर कूलर किसानो की विश्राम की समुचित व्यवस्था हे



























